कार्यकारिणी समिति,नेतरहाट विद्यालय समिति की, दिनांक 30.08.2013 को संपन्न, बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–

क्र0	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	श्री सुशील कुमार चौधरी, भा०प्र०से०,(सेवा निवृत)	मुख्य सचिव (सेवा निवृत), झारखण्ड, राँची (पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय)	सभापति	उपस्थित
2	श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, राजस्व विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	उपस्थित
3	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग झारखण्ड, राँची	सदस्य	उपस्थित
4	श्री हरदेव नरायण सिंह	संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य वित्त विभाग के प्रतिनिधि वित्त सचिव द्वारा मनोनीत	उपस्थित
5	श्री एहतेशमुल हक	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड राँची	सदस्य	उपस्थित
6	श्री राम नरेश सिंह	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य सचिव	उपस्थित
7	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184/सी0 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	उपस्थित
8	डा0 रजी अहमद	रीभर साइड, नावाटोली मेदनीनगर, पलामू	सदस्य	अनुपस्थित

कार्यकारिणी समिति की बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

1. बैठक के अनुपस्थित सदस्य का अनुपस्थिति अवकाश (Leave of Absence) की स्वीकृति दी गई।
2. कार्यकारिणी समिति की दिनांक 17.08.2013 को आहूत बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।
3. कार्यकारिणी समिति की दिनांक 17.08.2013 को आहूत बैठक की कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।
4. विद्यालय के कुछ आश्रमों में जलापूर्ति की स्थिति निराशाजनक है। विशेषकर आश्रम समूह 6 की स्थिति अत्यन्त दयनीय है, जिससे छात्रों की दिन–चर्या पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। तत्काल सफल ट्यूबवेल (यथा ऑडिटोरियम, द्वितीय आश्रम समूह आदि के पास) द्वारा, आवश्यकतानुसार सिन्टेक्स टैंक अधिष्ठापन एवं पाईप से, जलापूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था 15 सितम्बर 2013 तक सुनिश्चित करने का प्राचार्य को निदेश दिया गया। इसे सर्वोच्य प्राथमिकता देंगे।
5. विद्युत–आपूर्ति बाधित होने पर पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा विद्यालय में जालापूर्ति नहीं की जाती है, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में सब कुछ अस्त–व्यस्त हो जाता है। ऐसे आकस्मिक संकट के समय विद्यालय परिसर में सफल ट्यूबवेल से विभिन्न आश्रमों एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर जलापूर्ति हेतु 6000 लीटर क्षमता का एक टैंकर खरीदने की स्वीकृति दी गई।
6. नेतरहाट विद्यालय में अल्पावधि (पार्ट टाईम) शिक्षण/परामर्श/Interaction कार्य करने के लिए आमंत्रित कर नेतरहाट विद्यालय के इच्छुक अवकाश प्राप्त शिक्षकों, पूर्ववर्ती छात्रों और उनके परिवार के सदस्यों की सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया।

   यह भी निर्णय लिया गया कि उपरोक्त कार्य के लिए आमंत्रित व्यक्तियों को राँची से नेतरहाट जाने–आने तथा नेतरहाट में आवासन एवं भोजन की व्यवस्था विद्यालय द्वारा की जायेगी।
7. समिति द्वारा जारी विज्ञापन सं० Net-appointment-Contract 01/2013 के आलोक में, नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य की नियुक्ति हेतु उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेने के लिए चयन समिति के अध्यक्ष/सदस्यों को, कार्यकारिणी समिति की दिनांक 14.03.2013 को आहूत बैठक की कार्यवाही की

कंडिका 2(i)/(ii) में लिए गये निर्णय के अनुरूप रू० 2000/–प्रतिदिन की दर से पारिश्रमिक का भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।

8. उपरोक्त नियुक्ति हेतु कार्यकारिणी समिति की दिनांक 18.05.2013 को आहूत बैठक की कार्यवाही की कंडिका 5 के आलोक में, डा० रत्नेश्वर मिश्र, प्रोफेसर (से०नि०) एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, एल०एन. मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा चयन समिति के सदस्य नामित हैं। डा० मिश्र के हृदय का ऑपरेशन हुआ है, जिसके कारण यात्रा में उनके साथ एक सहायक का रहना आवश्यक होता है। ऐसे में उपरोक्त नियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्य में डा० मिश्र को भाग लेने के लए, डा० मिश्र एवं उनके एक सहायक को, उनके वर्तमान आवास स्थान पटना (बिहार) से राँची (साक्षात्कार स्थान) तक आने–जाने का वातुनुकूलित प्रथम श्रेणी में रेल यात्रा के किराया का भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।

9. नेतरहाट विद्यालय समिति के सामान्य निकाय/कार्यकारिणी समिति की आहूत बैठकों में भाग लेने के लिए उसके अध्यक्ष/सदस्य को, झारखण्ड सरकार के 8900/– रूपये का ग्रेड वेतन पाने वाले अधिकारी को झारखण्ड सरकार, वित्त विभाग का पत्रांक 2668 दिनांक 04.08.2009/पत्रांक 5690 दिनांक 30 सितम्बर 2002 के आलोक में देय यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता के अनुरूप, भुगतान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

10. विद्यालय की उत्कृष्टता के लिए लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों को, विद्यालय में उनके व्याख्यान/Interaction हेत, 8900/–रूपये एवं उससे अधिक ग्रेड वेतन पाने वाले झारखण्ड सरकार के अधिकारी को वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2668 दिनांक 04.08.2009 के आलोक में देय यात्रा भत्ता के अनुरूप, यात्रा भत्ता भुगतान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

11. नेतरहाट विद्यालय में वर्तमान में शिक्षक के हिन्दी में 6, दर्शन शस्त्र में 1, भौतिक शास्त्र में 3, रसायन शास्त्र में 3, तथा जीव विज्ञान में 3 पद स्वीकृत हैं।

    वर्तमान परिप्रेक्ष्य म, हिन्दी में शिक्षक के स्वीकृत 1 पद को भौतिक शास्त्र में तथा 1 पद को रसायन शास्त्र में एवं दर्शन शास्त्र के स्वीकृत 1 पद को जीव विज्ञान में विषयान्तरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। इस प्रकार अब हिन्दी में 4, दर्शन शास्त्र में शून्य, भौतिक शास्त्र में 4, रसायन शास्त्र में 4 तथा जीव विज्ञान में 4 शिक्षकों के स्वीकृत पद होंगे। शिक्षक के स्वीकृत पदों के विषय के उपरोक्त बदलाव से विद्यालय में शिक्षक के स्वीकृत पदों के कुल योग में कोई बदलाव नहीं होगा।

12. समिति द्वारा जारी विज्ञापन सं० Net-appointment-Contract 01/2012 क आलोक में नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य पद पर नियुक्ति हेतु, श्री राम नरेश सिंह, समिति के सदस्य सचिव सम्प्रति प्रभारी प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, एक उम्मीदवार है। अतः श्री सिंह की अनुपस्थिति में नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य की नियुक्ति हेतु चयन समिति के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। विमर्शोपरान्त चयन समिति के सर्वसम्मत अनुशंसित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा उक्त प्रस्ताव को लिफाफे में मुहरबन्द (Sealed) किया गया।

सभापति द्वारा उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की समाप्ति की गई।

ह०/–

(सुशील कुमार चौधरी)
सभापति,
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।